भोपाल, बुधवार 10 अक्टूबर 2018
haribhoomi.com

भोपाल हरिभूमि 12

एनएसएस वॉलंटियर्स ने चलाया स्वच्छता अभियान, पढ़ीं पुस्तकें

काम न चलता बातों से, अब काम करना होगा दोनों हाथों से...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती वर्ष पर 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक वॉलंटियर्स ने गाजर घास उन्मूलन, क्यारी निर्माण और पॉलीथीन मुक्त परिसर के लिए सैकड़ों हाथों ने श्रमदान किया। 'छात्रों ने काम न चलता बातों से, काम करो दोनो हाथों से' जैसे प्रेरक नारे एवं 'नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे' गीत गाते हुए प्रसन्नता के साथ श्रमदान किया।

प्रिय प्रसंग व संस्मरण किए साझा

वॉलंटियर्स ने श्रमदान के बाद 'पढ़ें भोपाल' के अंतर्गत अपनी-अपनी प्रिय पुस्तकों के प्रसंग एवं संस्मरण साझा किए। वॉलंटियर लकी ने अमृतलाल बेगड़ द्वारा लिखित यात्रा वृतांत सौंदर्य की नदी नर्मदा, अंकित माथनकर ने अग्नि की उड़ान और आदित्य तिवारी ने सत्य के प्रयोग के अनुभव सुनाए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य सहित शुभम चौहान, राहुल तिवारी, दानिश खान उपस्थित रहे।

भोजपाल

स्वदेश भोपाल, 10 अक्टूबर 2018 . 3

हमीदिया कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान, पढ़ी पुस्तकें

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वीं जयंती वर्ष पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक वालेंटियर्स ने गाजर घास उन्मूलन,क्यारी निर्माण तथा पालीथीन मुक्त परिसर के लिए सैकड़ों हाथों ने श्रमदान किया। छात्रों ने काम न चलता बातों से,काम करो दोनो हाथों से जैसे प्रेरक नारे एवं नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे गीत गाते हुए प्रसन्नता के साथ श्रमदान किया। वालेंटियर्स ने श्रमदान के बाद पढ़ें भोपाल के अन्तर्गत अपनी- अपनी प्रिय पुस्तकों के प्रसंग एवं संस्मरण सांझा किए। वालेंटियर्स लकी ने अमृतलाल बेगड़ द्वारा लिखित यात्रा वृतांत सौंदर्य की नदी नर्मदा, अंकित माथनकर ने अग्नि की उड़ान तथा आदित्य तिवारी ने सत्य के प्रयोग के अनुभव सुनाए।